




# शर्मा के तूफान में उड़े कीवी

## न्यूजीलैंड से मिला 154 रन का लक्ष्य मात्र 60 गेंद पर किया हासिल

**गुवाहाटी 25 जनवरी.** भारत ने तीसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से रौंद डाला. अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव, दोनों ने टीम इंडिया के लिए तेजतर्रार अंदाज में अर्धशतक लगाया.

गुवाहाटी में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम 153 रन बना पाई थी. जवाब में भारतीय टीम ने मात्र 60 गेंदों में लक्ष्य चेज करके इतिहास रच दिया. इसी के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है. 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने पारी की पहली गेंद पर संजू सैमसन का विकेट खो दिया था. ईशान किशन ने भी तूफानी अंदाज में खेलते हुए 13 गेंद में 28 रन बनाए. मगर अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव रुकने का नाम नहीं ले रहे थे. अभिषेक शर्मा ने इस मुकाबले में 14 गेंद में पचासा पूरा किया, जो अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में भारत के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है. अभिषेक इस मैच में 20 गेंद में 68 रन बनाकर नाबाद लौटे. इस तूफानी पारी में उन्होंने 7 चौके और 5 छक्के लगाए. दूसरी ओर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया है. उन्होंने 26 गेंद में नाबाद 57 रनों की पारी खेली. भारतीय टीम किसी टी20 मैच के पावरप्ले में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली टीम भी बन गई है. भारतीय बल्लेबाजों ने पहले 6 ओवरों में ही 94 रन बना दिए थे. पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है, जिसने पहले 6 ओवरों में 95 रन बनाए हैं. पावरप्ले समाप्त होने के बाद भारतीय टीम को 84 गेंदों में 60 रन और बनाने थे. टीम इंडिया ने बाकी के 60 रन केवल 24 गेंद में ही बना डाले थे.

### भारत के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी

अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में इतिहास रच दिया है. वो भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने इस मुकाबले में केवल 14 गेंदों में पचासा पूरा किया. फिफ्टी लगाने तक उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 4 छक्के लगाए. अभिषेक भारत के लिए दूसरा सबसे तेज और दुनिया में तीसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम है. उन्होंने 2007 टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंद में फिफ्टी पूरी की थी.

# स्कॉटलैंड ने स्वीकारा आईसीसी का न्यौता

## बांग्लादेश की जगह लेगा स्कॉटलैंड



**एडिनबर्ग, 25 जनवरी. क्रिकेट स्कॉटलैंड ने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने उसकी पुरुष टीम को आने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है, जो भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा, और यह न्योता स्वीकार कर लिया गया है.**

आईसीसी ने पुष्टि की है कि बंगलादेश के टूर्नामेंट से हटने के बाद स्कॉटलैंड ग्रुप सी में बंगलादेश की जगह लेगा. ट्रूडी लिंडब्लेड, क्रिकेट स्कॉटलैंड की चीफ एग्जीक्यूटिव ने कहा: आज सुबह मुझे आईसीसी से एक पत्र मिला जिसमें पूछा गया था कि क्या हमारी पुरुष टीम पुरुष टी20 विश्व कप में खेलेगी, और हमने इसे स्वीकार कर लिया है. हम इस न्योते के लिए आईसीसी के आभारी हैं.

> यह स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों के लिए लाखों समर्थकों के सामने ग्लोबल मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का एक रोमांचक अवसर है. हम यह भी मानते हैं कि यह अवसर चुनौतीपूर्ण और अनोखी परिस्थितियों के कारण मिला है. हमारी टीम आने वाले दौरों की तैयारी के लिए कुछ हफ्तों से ट्रेनिंग कर रही है और अब स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए जल्द ही भारत पहुंचने की तैयारी कर रही है.

# लगातार तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में कोको गॉफ



**मेलबर्न,25 जनवरी दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन कोको गॉफ ने रविवार को चेकिया की कैरोलिना मुचोवा को तीन सेटों में 6-1, 3-6, 6-3 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई.**

गॉफ, जिन्होंने 2023 में यूएस ओपन और पिछले साल फ्रेंच ओपन जीता था, ने पहले सेट में दबदबा बनाया, 5-0 की बढ़त बनाई और फिर 6-1 से सेट जीत लिया. दूसरे सेट में, खिलाड़ियों के बीच शुरुआती ब्रेक के बाद, मुचोवा ने चौथे गेम में फिर से ब्रेक किया और सेट 6-3 से जीत लिया. यह पहला सेट था जो चेक खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए टूर में नंबर 3 रैंक वाली गॉफ से अपने पांच करियर मुकाबलों में जीता था. निर्णायक सेट में 1-1 से बराबरी पर, गॉफ ने अगले 13 में से 12 अंक जीतकर 4-1 की बढ़त बना ली. मुचोवा के कड़े प्रतिरोध के बावजूद, तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी ने दृढ़ता बनाए रखी और दो घंटे से भी कम समय में जीत हासिल की.

# भारत ने श्रीलंका को हराकर जीत हासिल की



**नोंथाबुरी (थाईलैंड), 25 जनवरी भारतीय पुरुष टीम ने सैफ फुटसल चैंपियनशिप 2026 में श्रीलंका को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की.**

श्रीलंका के खिलाफ नोंथाबुरी स्टेडियम में शनिवार रात खेले गये मैच के सभी गोल पहले हाफ में हुए, जिसमें सीऑन डिसूजा ने दो गोल (तीसरे, 20वें) मिनट और लालसॉम्पूइया ने (10वें) और निखिल माली ने (12वें) मिनट में एक-एक गोल किया. वहीं श्रीलंका के लिए मोहम्मद कुरशीथ ने (19वें) मिनट में एकमात्र गोल किया. दो दिन पहले भूटान को 11-3 से हराने के बाद मिली इस जीत से भारत पांच मैचों में आठ अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है. मालदीव, जिसने दिन में पहले भूटान को 3-1 से हराकर उतने ही मैचों में अपनी पांचवीं जीत हासिल की और एक मैच बाकी रहते हुए पहले सैफ पुरुष फुटसल का चैंपियन बन गया.

भारत अब सोमवार को अपने आखिरी मैच में दूसरे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान का सामना करके उपविजेता स्थान हासिल करने के इरादे से मैदान में उतरेगा.

### एक नजर में



## सुपर सिक्स चरण में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा

**बुलावायो.** अंडर-19 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में लगातार तीसरी जीत के साथ पांच बार के चैंपियन भारत ने ग्रुप बी में टॉप स्थान हासिल किया है, और इसका मतलब है कि सुपर सिक्स चरण में भारत बनाम पाकिस्तान का मुकाबला होगा, जो 1 फरवरी को बुलावायो में खेला जाएगा. वर्ल्ड कप के नियम ऐसे हैं कि जो तीन टीमें ग्रुप से सुपर सिक्स में पहुंचती हैं, वे साथी सुपर सिक्स टीमों के खिलाफ हासिल किए गए पॉइंट्स को आगे ले जाती हैं, और उस स्टेज पर दो गेम खेलती हैं - उन टीमों के खिलाफ़ जिनकी रैंकिंग ग्रुप स्टेज में उनसे अलग थी- उदाहरण के लिए, ए1 डी2 और डी3 के खिलाफ खेलेगा, लेकिन डी1 के खिलाफ़ नहीं.



## सैंयम और गौरव ने 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल 2 फाइनल जीते

**नयी दिल्ली.** चंडीगढ़ की सैंयम और उत्तर प्रदेश के गौरव कुमार ने क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल 2 फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया. यह मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल 1 एवं 2 के समापन के साथ संपन्न हुए. विश्व कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैंयम ने अपने बेहतरीन फॉर्म को जारी रखते हुए 243.1 के दमदार फाइनल स्कोर के साथ स्वर्ण स्थान हासिल किया. उन्होंने दूसरे स्थान पर रहीं रिदम सांगवान (237.7) पर 5.4 अंकों की बढ़त बनाई. मीनू पाठक ने एक बार फिर फाइनल में शीर्ष तीन में जगह बनाते हुए 218.5 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया. क्वालिफिकेशन राउंड में सुरुचि सिंह ने 587-31× के शानदार स्कोर के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, लेकिन फाइनल में वह आठवें स्थान पर रहीं. पलक ने 579-16× के साथ क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया.

## फाइनल में ब्रेविस का तूफान, प्रिटोरिया की लाज बची

**केप टाउन.** SA20 2026 के फाइनल मुकाबले में प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बीच खेले गए खिताबी मुकाबले में युवा बल्लेबाज़ डेवाल्ड ब्रेविस ने ऐसा तूफानी शतक जड़ा, जिसने क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भर दिया. जिस पिच पर बड़े-बड़े बल्लेबाज़ संघर्ष करते नजर आए, उसी सतह पर ब्रेविस ने 56 गेंदों में 101 रन की विस्फोटक पारी खेलकर प्रिटोरिया कैपिटल्स को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. फाइनल मुकाबले में प्रिटोरिया की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम जल्दी-जल्दी विकेट गंवाती चली गई. अन्य बल्लेबाज़ों के लिए रन बनाना मुश्किल साबित हो रहा था, लेकिन ब्रेविस ने एक छोर संभालते हुए आक्रामक तेवर दिखाए. उन्होंने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट्स लगाए और विपक्षी गेंदबाज़ों पर दबाव बनाए रखा. उनकी इस पारी की बदौलत कैपिटल्स शर्मनाक स्कोर से बच सकी. यह शतक ब्रेविस के लिए इस स्र20 सीजन का शानदार समापन भी साबित हुआ. 22 वर्षीय ब्रेविस इस टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे. वह शीर्ष पर मौजूद क्विंटन डी कॉक से केवल दो रन पीछे रहे, जिनके पास फाइनल में अभी बल्लेबाज़ी का मौका बाकी है.



# किलियन एम्बाप्पे के दो गोल से रियल मैड्रिड शीर्ष पर

### ओसासुना की अवे जीत से ला लीगा में हलचल

**मैड्रिड, 25 जनवरी. स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में शनिवार की रात कई अहम मुकाबलों के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिला.**

किलियन म्बाप्पे के दूसरे हाफ में किए गए दो शानदार गोलों की बदौलत रियल मैड्रिड ने तीसरे स्थान पर मौजूद विलारियल को उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. वहीं ओसासुना ने रायो वैलेकानो के खिलाफ 3-1 की जीत के साथ इस सीजन की अपनी पहली अवे जीत दर्ज की, जिससे लीग और ज्यादा रोमांचक हो गई. विलारियल के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रियल मैड्रिड का पहला हाफ अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा. दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं, हालांकि खेल पर नियंत्रण रियल मैड्रिड का ही रहा. इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने ला लीगा की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है. हालांकि खिताबी दौड़ अभी भी बेहद कड़ी बनी हुई है. एटलेटिको मैड्रिड रविवार को मल्लोर्का के खिलाफ घरेलू मुकाबले में जीत दर्ज कर तीसरे स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ा सकता है.

# बांग्लादेश आईसीसी के फैसले को नहीं देगा चुनौती



**ढाका, 25 जनवरी बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड आने वाले टी 20 वर्ल्ड कप में बंगलादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल करने के आईसीसी के फैसले को चुनौती नहीं देगा.**

बीसीबी की मीडिया कमेटी के चेयरमैन अमजद हुसैन ने शनिवार को ढाका में बोर्ड मीटिंग के बाद यह घोषणा की. यह उन रिपोर्टों के बाद आया है कि बीसीबी ने आईसीसी की विवाद समाधान समिति से इस मामले को देखने का अनुरोध किया था, लेकिन अमजद ने कहा कि ऐसे कोई कदम नहीं उठाए गए.

अमजद ने कहा, हमने आईसीसी बोर्ड का फैसला मान लिया है. चूंकि आईसीसी ने कहा है कि हम जाकर नहीं खेल सकते या वे हमारे मैच श्रीलंका में शिफ्ट नहीं कर सकते, इसलिए हम भारत में जाकर नहीं खेल सकते. हमारी स्थिति वही है. हम यहां किसी अलग आर्बिट्रेशन या किसी और चीज के लिए नहीं जा रहे हैं.

# पाकिस्तान ने बाबर, शादाब को वापस बुलाया

### 2026 टी20 विश्व कप



**इस्लामाबाद, 25 जनवरी पाकिस्तान ने 2026 टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में बाबर आजम, शादाब खान और नसीम शाह को शामिल किया है, जो पिछले साल एशिया कप के लिए चुनी गई टीम से काफी अलग है.**

हालांकि टीम की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आईसीसी इवेंट में पाकिस्तान की भागीदारी सरकार की मंजूरी पर निर्भर करती है, जैसा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन ने पहले संकेत दिया था. हेड कोच आकिब जावेद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम चयनकर्ता हैं, और हमारा काम टीम चुनना है. हमने डेडलाइन के बहुत करीब टीम की घोषणा की है.



## टिएन ने मेदवेदेव को चौंकाया, ज़्वेरेव से क्वार्टर फ़ाइनल में भिड़ेंगे

**मेलबर्न.** लर्नर टिएन ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीन बार के फाइनलिस्ट दानिल मेदवेदेव को 6-4, 6-0, 6-3 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और 2015 में निक किर्गियोस के बाद इस मेजर में सबसे कम उम्र के पुरुष सिंगल्स क्वार्टर-फाइनलिस्ट बन गए. 20 साल के खिलाड़ी की यह जीत तेज़ी से बढ़ती प्रतिद्वंद्विता का नवीनतम अध्याय था.

### रणजी ट्रॉफी: सौरभ शेखर की घातक गेंदबाज़ी, यूपी की दूसरी पारी 84 पर सिमटी

# झारखंड टीम ने उत्तर प्रदेश को 301 रन से रौंदा



## 16 रन देकर सौरभ शेखर ने झटके पांच विकेट

**लखनऊ, 25 जनवरी. लखनऊ. रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-ए मुकाबले में झारखंड ने उत्तर प्रदेश को पारी और 301 रनों से करारी शिकस्त देकर अपने इरादे साफ कर दिए.**

शरणदीप सिंह और कुमार कुशाग्र की शतकीय पारियों से पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद सौरभ शेखर की अगुवाई में गेंदबाज़ों ने उत्तर प्रदेश की बल्लेबाज़ी की कमर तोड़ दी. इस एकतरफा मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम दोनों पारियों में संघर्ष करती नज़र आई और मैच चौथे दिन के सुबह सत्र में ही समाप्त हो गया. मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 69 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन झारखंड के गेंदबाज़ों के सामने उसकी बल्लेबाज़ी पूरी तरह बिखर गई. सुबह के सत्र में ही उत्तर प्रदेश की पूरी टीम 27.4 ओवर में महज़ 84 रन पर सिमट गई. टीम अपने कल के स्कोर में सिर्फ 15 रन ही जोड़ सकी और शेष तीन विकेट जल्दी-जल्दी गंवा बैठी. उत्तर प्रदेश का आठवां विकेट माधव कौशिक के रूप में गिरा, जो नौ रन बनाकर पवेलियन लौटे.

> सौरभ शेखर झारखंड की इस जीत के नायक रहे. उन्होंने शानदार लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाज़ी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके. उन्हें साहिल राज और जतिन पांडे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने दो-दो विकेट अपने नाम किए. शुभम कुमार सिंह ने भी एक बल्लेबाज़ को आउट कर टीम की सफलता में योगदान दिया. इससे पहले झारखंड ने पहली पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए उत्तर प्रदेश के गेंदबाज़ों पर पूरी तरह दबदबा बनाया. शरणदीप सिंह ने धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए 139 रनों की शानदार पारी खेली.